Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 04 जुलाई, 2023

राजनीतिक दलों के लिये ऑनलाइन वित्तीय रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म

राजनीतिक दलों हेतु अपनी वित्तीय रिपोर्टिंग को इलेक्ट्रॉनिक रूप से दर्ज करने के लिये भारत निर्वाचन आयोग (ECI) ने एक ऑनलाइन वेब पोर्टल की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अनुसार **योगदान संबंधी रिपोर्ट, लेखा परीक्षित वार्षिक खाते और चुनाव व्यय विवरण जमा करने की प्रक्रिया को सरलीकृत करना** है। **वित्तीय प्रकटीकरण में अनुपालन एवं पारदर्शिता के महत्त्व पर ज़ोर** देते हुए ECI ने राजनीतिक दलों के लिये लोकतांत्रिक सिद्धांतों का पालन करना अनिवार्य कर दिया है। **ऑनलाइन दाखिल न करने का विकल्प चुनने वालों को लिखित विवरण** प्रदान करना होगा और इन दोनों प्रकार के रिपोर्ट और स्पष्टीकरण का प्रकाशन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अपने प्लेटफॉर्म पर किया जाएगा। **ECI एक स्वायत्त संवैधानिक प्राधिकरण है** जो भारत में **संघ और राज्य चुनाव प्रक्रियाओं के प्रशासन के लिये उत्तरदायी** है। इसकी **स्थापना 25 जनवरी, 1950** को संविधान के अनुसार की गई थी (इसे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है)। इस आयोग का **सचिवालय नई दिल्ली** में है। यूनाइटेड किंगडम ने अप्रैल 2019 में दिशा-निर्देश जारी किये, जिन्हें बाद **में डेटा संरक्षण अधिनियम, 2018 के तहत लागू किया गया**, ताकि कंपनियाँ कम उम्र के उपयोगकर्त्ताओं को लुभाने के लिये चालाकीपूर्ण रणनीति का उपयोग न कर सकें।

महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना: eSARAS एप

दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (DAY-NRLM) ने **eSARAS मोबाइल एप** लॉन्च करके स्वयं सहायता समूहों (SHG) की महिलाओं को समर्थन देने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है। इस एप का उद्देश्य **SHG द्वारा बनाए गए उत्पादों के विपणन पहल को बढ़ावा देना** है। इसके अतिरिक्त ग्रामीण विकास मंत्रालय और टाटा ट्रस्ट द्वारा संयुक्त रूप से गठित गैर-लाभकारी कंपनी **फाउंडेशन फॉर डेवलपमेंट ऑफ रूरल वैल्यू चेन्स (FDRVC)** द्वारा प्रबंधित **eSARAS पोर्टल एवं एप** के माध्यम से खरीदे गए उत्पादों के **प्रसंस्करण, पैकेजिंग और शिपिंग** की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। यह प्रामाणिक **हस्तशिल्प तथा हथकरघा को बढ़ावा देने** के लिये एक उपयोगकर्त्ता-अनुकूल मंच प्रदान करता है, साथ ही ग्राहकों तक सीधे ऑनलाइन ऑर्डर पहुँचाने के लिये योग्य रसद भी सुनिश्चित करता है।
और पढ़ें...स्वयं सहायता समूह

लुसाने डायमंड लीग 2023 में नीरज चोपड़ा प्रथम स्थान पर रहे

ओलंपिक **स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा** ने लुसाने डायमंड लीग 2023 में भाला फेंक स्पर्द्धा में 87.66 मीटर का उल्लेखनीय थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया। लुसाने मीट नीरज चोपड़ा की इस वर्ष की दूसरी प्रतियोगिता थी और **दोहा डायमंड लीग** के बाद पहली प्रतियोगिता थी। **लुसाने डायमंड लीग 2023 डायमंड लीग एथलेटिक्स शृंखला की छठी स्पर्द्धा थी,** जो **स्विट्ज़रलैंड के एथलेटिसिमा स्टेडियम** में आयोजित हुई।
और पढ़ें...ओलंपिक

भारतीय रिफाइनरों का रूसी तेल भुगतान के लिये चीनी युआन की ओर रुख

भारतीय रिफाइनर ने **रूस से तेल आयात के लिये वैकल्पिक भुगतान पद्धति के रूप में चीनी युआन का रुख** किया है। भारत में रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ऐसा करने वाला पहला रिफाइनर बन गया। रूस-यूक्रेन विवाद के बाद रूस पर लगाए गए पश्चिमी प्रतिबंधों ने **रूस और उसके ग्राहकों को भुगतान करने हेतु अमेरिकी डॉलर का विकल्प तलाशने के लिये प्रेरित** किया है। **रूस के शीर्ष कच्चे तेल आपूर्तिकर्त्ता के रूप में चीन** पहले ही रूस से अपने **अधिकांश** ऊर्जा आयात **हेतु भुगतान को युआन में स्थानांतरित** कर चुका है। भारत ने भुगतान विकल्पों में विविधता लाने के लिये महत्त्वपूर्ण कदम उठाए है जो **अब समुद्री रास्ते से रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार** है। हालाँकि भारतीय रिफाइनरों द्वारा युआन में खरीदे गए रूसी तेल की सटीक सीमा स्पष्ट नहीं है। यह स्थिति **उभरती भू-राजनीतिक गतिशीलता के बीच भुगतान के तरीकों में एक रणनीतिक बदलाव** को दर्शाती है।
और पढ़ें... रूस-यूक्रेन विवाद

डेटा कार्बन लैडर

वैज्ञानिकों ने **डेटा कार्बन लैडर नामक एक उपकरण विकसित** किया है, जो व्यवसायों को उनके डिजिटल डेटा से जुड़े कार्बन उत्सर्जन की गणना करने में सक्षम बनाता है। **वर्ष 2025 तक वैश्विक डेटा मात्रा 180 ज़ेटाबाइट्स से अधिक होने के साथ प्रति दो वर्ष में दोगुना होने का अनुमान** है, डिजिटल डेटा के **कार्बन डाइऑक्साइड आउटपुट को समझना अधिक महत्त्वपूर्ण** है। यह उपकरण सामान्य रूप से उपेक्षित कारक, डेटा के कार्बन फुटप्रिंट पर

विचार करके **[वैश्विक डी-कार्बोनाइज़ेशन]** नीतियों में एक महत्त्वपूर्ण निरीक्षण को संबोधित करता है। डेटा सेंटर जो **सभी मानव-प्रेरित कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के 2.5% से 3.7% के लिये ज़िम्मेदार हैं, [विमानन उद्योग]** के उत्सर्जन (2.1%) से अधिक है। इस उपकरण का उपयोग करके **व्यवसाय और संगठन अपनी डेटा परियोजनाओं की स्थिरता में सुधार** कर सकते हैं, उनके **पर्यावरणीय प्रभाव को कम कर सकते हैं तथा साथ ही अधिक कुशल एवं पर्यावरण-अनुकूल समाधान** प्राप्त किया जा सकता है।

और पढ़ें... [कार्बन उत्सर्जन], [डी-कार्बोनाइज़ेशन]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-04-july-2023